## दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (कृषि) 13 मई 2024

### मसाले

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धनिया (मई) | 19-मई-24 | 7194.00 | 7240.00 | 7310.00 | 7356.00 | 7426.00 | मंदी |
| धनिया (जून) | 20-जून-24 | 7462.67 | 7427.33 | 7462.67 | 7427.33 | 7462.67 | मंदी |
| जीरा (मई) | 19-मई-24 | 24438.33 | 25336.67 | 25903.33 | 26801.67 | 27368.33 | तेजी |
| जीरा (जून) | 20-जून-24 | 25753.33 | 25901.67 | 26048.33 | 26196.67 | 26343.33 | तेजी |
| हल्दी (जून) | 20-जून-24 | 17651.33 | 18174.67 | 18523.33 | 19046.67 | 19395.33 | मंदी |
| हल्दी (अगस्त) | 20-अगस्त-24 | 18176.00 | 18668.00 | 18994.00 | 19486.00 | 19812.00 | मंदी |

### तिलहन एवं खाद्य तेल

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कैस्टरसीड (मई) | 19-मई-24 | 5493.00 | 5516.00 | 5553.00 | 5576.00 | 5613.00 | मंदी |
| कैस्टरसीड (जून) | 20-जून-24 | 5594.00 | 5614.00 | 5646.00 | 5666.00 | 5698.00 | मंदी |

### अन्य कमोडिटी

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कपास (अप्रैल-25) | 30-अप्रैल-25 | 1558.00 | 1560.00 | 1561.00 | 1563.00 | 1564.00 | साइडवेज |
| कोकूड (मई) | 19-मई-24 | 2556.00 | 2564.00 | 2577.00 | 2585.00 | 2598.00 | साइडवेज |
| कोकूड (जून) | 20-जून-24 | 2599.33 | 2608.67 | 2622.33 | 2631.67 | 2645.33 | साइडवेज |
| ग्वारसीड (मई) | 19-मई-24 | 5337.67 | 5351.33 | 5368.67 | 5382.33 | 5399.67 | साइडवेज |
| ग्वारसीड (जून) | 20-जून-24 | 5407.67 | 5421.33 | 5438.67 | 5452.33 | 5469.67 | साइडवेज |
| ग्वारगम (मई) | 19-मई-24 | 10490.00 | 10521.00 | 10571.00 | 10602.00 | 10652.00 | मंदी |
| ग्वारगम (जून) | 20-जून-24 | 10646.33 | 10677.67 | 10721.33 | 10752.67 | 10796.33 | साइडवेज |
| मेंथा ऑयल( मई ) | 31-मई-24 | 922.70 | 942.10 | 954.40 | 973.80 | 986.10 | तेजी |
| मेंथा ऑयल( मई ) | 30-जून-24 | 937.50 | 953.00 | 963.50 | 979.00 | 989.50 | तेजी |

**One has to follow the trend and see the price only at closing. This is not for Intra day trading.

# कृषि कमोडिटीज आउटलुक

## मसाले

घरेलू बाजार में कमजोर मांग के कारण हल्दी की कीमतें दबाव में रहीं। खरीदारों ने थोक खरीदारी से परहेज किया क्योंकि कीमतें कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर थीं। न केवल घरेलू मांग सुस्त रही है, बल्कि मौजूदा स्तर पर निर्यात मांग भी मध्यम रहने से कीमतों पर दबाव पड़ेगा। फरवरी-24 में भारत से हल्दी का निर्यात 12% कम होकर 12.92 हजार टन रह गया, जबकि अप्रैल-23-फरवरी-24 के दौरान कुल निर्यात पिछले वर्ष से 4.4% कम होकर 144.58 हजार टन दर्ज किया गया। कुल मिलाकर आवक की गति पिछले वर्ष की तुलना में धीमी रही है और प्रत्येक गुजरते सप्ताह के साथ इसमें कमी रहने की संभावना है। प्र मई 24 के पहले 10 दिनों में प्रमुख एपीएमसी मंडियों में लगभग 9.9 हजार टन हल्दी की आवक हुई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 20.2 हजार टन हल्दी की आवक हुई थी। आवक कम रही है क्योंकि अनुमान है कि उत्पादन में साल-दर-साल 16% की गिरावट आएगी और यह बाजार वर्ष 2024-25 में 9.7 लाख टन रह सकता है, जिससे कीमतों में बड़ी गिरावट पर रोक लगने की संभावना है। **हल्दी ( जून ) वायदा की कीमतें 18000-19050 के दायरे में करोबार कर सकती है।**

घरेलू बाजार में आपूर्ति घटने से जीरा वायदा में तेजी की गई। हर गुजरते महीने के साथ आवक कम होने से स्थानीय बाजार में नए सिरे से खरीदारी शुरू हो गई। मार्च-24 में लगभग 68.8 हजार टन जीरा की आवक हुई और अप्रैल-24 में यह घटकर 44.68 हजार टन रह गई और मई में भी गिरावट होने की संभावना है क्योंकि किसान मौजूदा दर पर अपना स्टॉक जारी करने के लिए अनिच्छुक हैं। मध्य पूर्व क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बाद वैश्विक स्तर पर व्यापार व्यवधान से भारतीय जीरा की निर्यात मांग में वृद्धि हुई। शादी के मौसम की बेहतर मांग और होटल और रेस्तरां द्वारा बढ़ती स्थानीय खरीदारी से कीमतों को तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने में मदद मिली। मौजूदा दर पर निर्यात मांग बढ़ने की उम्मीद है जिससे जीरा में तेजी को मदद मिलेगी। भारत ने फरवरी-24 में 10.96 हजार टन जीरा का निर्यात किया, जबकि पिछले साल यह 11.36 हजार टन था, जो साल-दर-साल 3.4% कम है। अप्रैल-23-फरवरी-24 की समयावधि के दौरान भारत से जीरा निर्यात में साल-दर-साल 23.7% की गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन आने वाले महीनों में इसके बढ़ने की उम्मीद है। **जीरा की कीमतें 23500-30000 के दायरे में कारोबार कर सकती है।**

बाजार में भारी स्टॉक के अनुमान के कारण धनिया की कीमतें दबाव में रहीं। भारी कैरी फॉरवर्ड स्टॉक से निकट अवधि में कीमतों के कमजोर रहने की संभावना है। हालाँकि, मार्च-24 की तुलना में अप्रैल-24 में कुल आवक 41% कम हो गई है क्योंकि किसान कीमतों में अधिक वृद्धि की उम्मीद में अपने स्टॉक को जारी करने के लिए अनिच्छुक हैं। सरकारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, फरवरी-24 में धनिया का निर्यात साल-दर-साल 35% बढ़कर 4.6 हजार टन हो गया। अप्रैल-23-फरवरी-24 की समय अवधि के दौरान धनिया का कुल निर्यात 71.18 हजार टन तक पहुंच गया। धनिया का कुल उत्पादन साल-दर-साल 26% कम होने की संभावना है, जिससे धनिया में प्रमुख रुझान तेजी का रहेगा। **धनिया की कीमतें 6900-7500 के दायरे में रहने की संभावना है।**

## अन्य कमोडिटीज

आईसीईई में कॉटन की कीमतों में गिरावट के संकेतों को देखते हुए कॉटन की कीमतों में गिरावट जारी रही। फसल की बेहतर स्थिति और बुआई गतिविधियों का आईसीई कॉटन की कीमतों पर असर पड़ा। एनएएसएस क्रॉप प्रोग्रेस रिपोर्ट के अनुसार, 5 मई तक अमेरिकी कपास की फसल 24% बोई गई है, जो पिछले साल और पांच साल की औसत संख्या की तुलना में 4% अधिक है। बढ़ती निर्यात मांग और घटती आवक के कारण घरेलू कपास की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) द्वारा जारी नवीनतम अनुमान के अनुसार, अक्टूबर-मार्च के दौरान निर्यात 137 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख गांठ हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में निर्यात 7.59 लाख गांठ हुआ था। नवीनतम अनुमान के अनुसार आवक में कमी रहने की संभावना है क्योंकि वर्ष 2023-24 में 323.1 लाख गांठ उत्पादन में से लगभग 280.6 लाख गांठ की आवक हो चुकी है। **एमसीएक्स पर कॉटन की कीमतों के 57000-58500 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है, जबकि कपास ( अप्रैल 25 ) वायदा की कीमतों के 1530-1580 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

मिल मालिकों की ओर से बढ़ती मांग के कारण ग्वारसीड वायदा में सकारात्मक कारोबार की उम्मीद है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ क्षेत्र में ग्वार की सीमित उपलब्धता से ग्वार के लिए बाजार का सेंटीमेंट बेहतर रहने की संभावना है क्योंकि मिल मालिकों को इन क्षेत्रों में अच्छी गुणवत्ता वाली उपज प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बेहतर पेराई मार्जिन और गुणवत्ता वाली फसल की सीमित उपलब्धता से कीमतों में मजबूती आई। कमजोर उत्पादन के कारण आवक की गति धीमी हो गई है जिससे कीमतों में मजबूती आने की संभावना है। ग्वारगम की निर्यात मांग में सुधार हुआ है जिससे ग्वारसीड की कीमतों में भी वृद्धि होगी। फरवरी-24 में ग्वार गम का निर्यात सालाना 46% बढ़कर 37.3 हजार टन हो गया। **ग्वारसीड की कीमतों को 5300 रू पर सपोर्ट मिल सकता है जबकि 5700 पर रेजिस्टेंस रह सकता है जबकि ग्वारगम की कीमतों के 10300-11200 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

अधिक निर्यात की रिपोर्ट से मेंथा ऑयल की कीमतों में तेजी की संभावना है। फरवरी, 2024 के दौरान भारत ने लगभग 309 टन मेंथा तेल का निर्यात किया, जबकि सरकार की हालिया विज्ञप्ति के अनुसार पिछले वर्ष यह 210 टन हुआ था। **मेंथा ऑयल की कीमतें 980 पर मजबूत रेजिस्टेंस के साथ 940 रू पर सपोर्ट ले सकती है।**

बाजार में आपूर्ति कम होने से अरंडी की कीमतों को जल्द ही समर्थन मिलने की उम्मीद है। पेराई मांग में सुधार की संभावना है जिससे कीमतों को तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने में मदद मिलेगी। अरंडीकेक और तेल की सुस्त मांग बढ़त को सीमित कर सकती है। **अरंडी वायदा की कीमतों के 5550-5900 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

**आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com**

moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।